अटल कैंटीन सेवा के अंतर्गत भोजन प्रसाद का भोग

अटल कैंटीन सेवा में भोजन प्रसाद का भोग लगाते हुए प्रदेश महिला उपाध्यक्ष मीना चौहान व परिषद् के सदस्य।

तरावड़ी, 2 अगस्त (राजकुमार खुराना): भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा सेवा सूत्र के अंतर्गत चलाई जा रही अटल कैंटीन सेवा के अंतर्गत भोजन प्रसाद का भोग आज भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष मीना चौहान एवं उनके पति लक्ष्मी चंद चौहान व उनके बेटे आयुष चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष पर सह परिवार सहित भोग लगाया गया। मन वचन कर्म से समर्पित भाव से युक्त होकर मानव की सेवा (नर सेवा नारायण सेवा) के अंतर्गत समाज के कार्यों को करते चले जाएं यह सारा चौहान परिवार समाज के हर कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता रहता है आज उनके साथ बहन कांता रानी, संयोगिता गुप्ता, रमेश कालिया, देवेंद्र कालिया, राकेश शर्मा व महिला संयोजिका भारत विकास परिषद तरावड़ी की काजल गोयल और सुनैना हंस मौके पर उपस्थित थे। बहन मीना चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन्मदिन करने के ढंग तो संसार में अनेकों है कोई होटल में जाकर पार्टी कर लेता है कोई पहाड़ों पर जाकर मना लेता है। कोई तीरथ स्थानों पर दर्शन करने के लिए चला जाता है पर आज मुझे जो भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के द्वारा चलाई जा रही सेवा के अंतर्गत सैकड़ों परिवारों के साथ भोजन प्रसाद खाने का और बांटने का अवसर मिला। यह मेरे जीवन के लिए और साथ ही मेरे बेटे के लिए विशेष दिन है जब भोजन ग्रहण करने वाले हर व्यक्ति द्वारा दुआ दी जा रही थी। यह दुआएं मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा धन है और एक सुंदर अवसर जो मुझे और मेरे परिवार को भारत विकास परिषद ने दिया मुझे एक पौधा अटल कैंटीन सेवा में लगाने का अवसर मेरे परिवार को मिला इसके लिए मैं सभी सदस्यों का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अटल कैंटीन सेवा में अध्यक्ष योगेश मिड्ढा के नेतृत्व में सचिव राकेश हंस, पीके भारद्वाज, विजय सिंगला, प्रमोद गोयल, दीपक गोयल और लंगर प्रसाद की सेवा करने वाली सभी बहनों ने इस सेवा में योगदान दिया।

गांव सौदापुर गांमड़ी में कांग्रेस पार्टी की नीतियों से लोगों को अवगत करवाते कांग्रेस नेता राजेंद्र बल्ला।

सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बढ़ रही अमीर व गरीब के बीच की खाई : राजेंद्र बल्ला

निसिंग, 2 अगस्त (रतन मान): हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व सदस्य हरियाणा पुलिस भर्ती बोर्ड राजेंद्र बल्ला ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आरोप लगाया कि गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते अमीर व गरीब के बीच की खाई ओर बढ़ती जा रही है। बुधवार को राजेंद्र बल्ला निसिंग क्षेत्र के गांव सौदापुर गांमड़ी में लोगों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जहां ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश सरकार में न तो महिलाएं सुरक्षित है और न ही आम जनता। उन्होंने नूंह की घटना की निंदा करते हुए गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार समय रहते इस तरह की घटनाओं को रोक सकती थी। नूंह की घटना के बाद प्रदेश की जनता के मन में डर का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने हर क्षेत्र में प्रदेश की जनता के साथ भेदभाव किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी में सभी के हित सुरक्षित है। हलका में कांग्रेस पार्टी का संगठन दिन प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है और अन्य दलों को छोड़कर प्रदेशभर के लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से न केवल पार्टी का संगठन मजबूत हो रहा है।

विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष पत्रकारों से हुए रूबरू

भगवान परशुराम धर्मशाला में पत्रकारों से रूबरू होते हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप शर्मा।

नीलोखेड़ी, 2 अगस्त (आहूजा): भगवान परशु राम धर्मशाला में 6 अगस्त को करनाल में जन मिलन कार्यक्रम को लेकर विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप शर्मा पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमन्त्री भूपिन्दर सिंह हुड्डा व कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज ही बैठक ली जा रही है। जिसमें कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कहा जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा सरकार की कार्य शैली पर विरोधता जताते कहा कि प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। लेकिन प्रदेश सरकार का इस ओर ध्यान नहीं, नुंह व मणीपुर में हुए दंगों बारे उन्होंने कहा कि अगर सरकार समय रहते सतर्क होती तो इसे रोका जा सकता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आगामी लोक सभा व विधान सभा चुनाव एक जुट होकर लड़ेंगे व केन्द्र व प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनेगी। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के समझौते के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस अकेले में चुनाव लड़ने में सक्षम है। मंच का संचालन कांग्रेस के वरिष्ठ अमरजीत धीमान ने किया। इस अवसर पर जिला के प्रभारी लहरी सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश कुमार फूले, कृष्ण कुमार, प्रो. राजेश वैद्य, नारायण दास वर्मा, अविनाश कौर, पूर्व मंत्री राजकुमार वाल्मीकि, कार्यकर्ता मदन धवन, रमेशवर वाल्मीकि, जिला परिषद् सदस्य अमित बराना, डॉ. रामपाल, नितिन मल्होत्रा, वेद शर्मा, सुभाष चन्द्र व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौ. रणदीप सिंह सुरजेवाला एमपी में भी विजय फतेह कराएंगे : स्वीटी रंगा

शाहाबाद मारकंडा, 2 अगस्त (विजय कुमार): कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने वरिष्ठ नेता चौ. रणदीप सिंह सुरजेवाला की मेहनत, लग्न और विश्वास को देखते हुए कर्नाटक की विजय के बाद मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सीनियर ऑब्जर्वर का कार्यभार सौंपा। जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि कर्नाटक की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी विजय पताका लहराएंगे।

निसिंग की बेटी जीवन को टॉपर की डिग्री देते शिक्षिक व अन्य।

छात्रा ने सीएसआईआर नैट परीक्षा में किया टॉप

निसिंग, 2 अगस्त (रतन मान): शहर के वार्ड नंबर 7 से राजेश कुमार की बेटी जीवन ने सीएसआईआर नैट की कैमिकल साइंस विषय की परीक्षा में 73वां रैंक हासिल कर निसिंग शहर का नाम रोशन किया है। बेटी के पिता राजेश कुमार ने बताया कि बेटी जीवन ने सीएसआईआर नैट की कैमिकल साइंस की परीक्षा में 73वां रैंक प्राप्त किया है। मेरी बेटी जीवन की दिन रात मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है। बेटी जीवन ने बताया कि इससे पहले मेरी पढ़ाई दयाल सिंह कॉलेज करनाल व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टॉपर किया था। जीवन ने नगर पालिका चेयरमैन रोमी सिंगला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निगरपालिका चेयरमैन रोमी सिंगला निसिंग बस स्टैंड के पास महाराजा अग्रसैन ई-लाइब्रेरी खोलकर गरीब परिवारों के छात्र-छात्राओं को परीक्षा तैयारी करने में मदद की है। इससे पूर्व परीक्षा की तैयारी के लिए करनाल जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था जहां आने जाने में काफी समय खराब होता था मगर ई लाइब्रेरी होने की वजह से उनका काफी समय भी बचा और घर बैठे उन्होंने इतनी कठिन परीक्षा भी आसानी से पास कर ली। छात्रा जीवन ने क्षेत्र के छात्रों से अपील की है कि नशे से दूर रहकर अपना समय देश व समाज की सेवा में लगाएं।

मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

गोहाना, 2 अगस्त (रामनिवास धीमान): थाना शहर गोहाना की पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी कपिल पुत्र नरेन्द्र वासी चिड़ाना का रहने वाला है। 30 मई 2023 को विनय पुत्र बसंत श्री लाल निवासी फतेह चन्द कॉलोनी, गोहाना ने थाना शहर गोहाना में शिकायत दी थी कि आज कल रात मैंने अपनी बाईक को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो मैंने अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली जो किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने चोरी कर ली है। इस घटना का भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं के अन्तर्गत थाना शहर गोहाना में अभियोग दर्ज किया गया था। थाना शहर गोहाना अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही रामबीर ने आरोपियों की खोजबीन करते हुये घटना में संलिप्त आरोपी कपिल पुत्र नरेन्द्र वासी चिड़ाना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में चोरीशुदा मोटरसाईकिल भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

करनाल में होने वाले जनमिलन कार्यक्रम का दिया न्यौता

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा पत्रकार वार्ता करते हुए साथ में कांग्रेस नेता सुल्तान सिंह सोल्हो

तरावड़ी, 2 अगस्त (राजकुमार खुराना): कांग्रेस नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने कहा कि 6 अगस्त को करनाल में जनमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। आने वाले समय में कांग्रेस प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। बुधवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा नई अनाज मंडी तरावड़ी मे कांग्रेस नेता सुल्तान सिंह सोल्हो की दुकान पर 6 अगस्त को करनाल मे होने वाले जनमिलन कार्यक्रम का न्योता देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नूंह की के सवाल पर जवाब देते हुये कहा कि नूंह की घटना भाजपा जजपा गठबंधन सरकार के नाकाम होने का परिणाम है। प्रदेश सरकार और उसकी खुफिया एजेंसी या पूरी तरह नाकाम साबित हुई। लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए ना तो पहले सरकार के स्तर पर कोई कदम उठाए गए हैं ना ही लोगों की घटना के बाद किसी तरह की सक्रियता दिखाई गई है। इस पूरे मामले की जांच हाईकोर्ट के जस्टिस की निगरानी में होनी चाहिए। उन्होंने कहा सरकार की विफलता के कारण प्रदेश में 12 जिलों में बाढ़ आ गई, जिससे लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को मुआवजा देने के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने की बात कह रही है, लेकिन पोर्टल बंद पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय से पूर्व बाढ़ को रोकने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, लूटपाट की घटना की घटनाएं चरम सीमा पर है। जिस कारण जो वर्ग कांग्रेस को किन्ही मुद्दो को लेकर छोड़कर चले गए थे, वे वर्ग आज दोबारा महंगाई व भ्रष्टाचार, पोर्टल जैसे मुद्दों से परेशान होकर कांग्रेस से जुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने दावा जताया कि आने वाले समय में केंद्र व प्रदेश में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

चोरकारसा निवासी किसान मेजर सिंह।

किसान धान के पौधों के विकास को लेकर चिंतित

असंध, 2 अगस्त, (हरीश मदान): क्षेत्र में पिछले दिनों हुई जरूरत से ज्यादा बरसात के कहर से चिंतित किसान अब धान के पौधों के विकास को लेकर चिंतित है। धान के पौधों के रुके विकास को दिखाते हुए चोरकारसा के किसान मेजर सिंह ने कहा कि पिछले दिनों जरूरत से ज्यादा बरसात से धान की फसल 15 से 20 दिन डूबी रही। जिसके कारण धान के पौधे गल गए जो बचे उनमें विकास नहीं हो रहा। उन्होंने कहा लाख जतन के बाद भी बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र से बरसाती पानी को नहीं निकाला जा सका। जिसका कई भू भाग में ज्यादा असर देखने को मिला जिसमें जबाला गांव और हांसी बुटाना नहर के बीच का भाग जो आज भी बरसाती पानी से लबालब भरा हुआ है। यही हाल उपलाना के अधिकांश खेतों का है। जबकि इस हालात से उपलानी, चोरकारसा और अलावला शेखपुरा व ठरी जलमाना भी अछूता नहीं है जिसको लेकर किसान पहले बरसाती पानी को लेकर चिंतित थे और अब जिन किसानों के खेतों से पानी निकल गया है अब वह खेतों में गल सड़ चुकी धान की फसल के बचे पौधों के विकास न होने को लेकर चिंतित है।

नूंह के मामले में बजरंग दल व बीएचपी ने दिया मांग-पत्र

राय मार्किट में बीएचपी व हिन्दू संगठन रोष मार्च निकालते हुए।

अम्बाला, 2 अगस्त (अग्रवाल): हरियाणा ने नूह में बजरंग दल की यात्रा पर हुए पत्थराव व आगजनी के विरोध में आज बजरंग दल के सदस्य अम्बाला कैंट राय मार्केट की पार्किंग में इकट्ठे हुए और रोष प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन को देखते हुए अम्बाला पुलिस भी भारी संख्या में मौजूद रही। हालांकि उन्होंने गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने एसडीएम आफिस जाना था, लेकिन कोई विवाद न हो, इसलिए पुलिस ने उन्हें वहीं रोक दिया और एसडीएम वहीं पर उनसे ज्ञापन लेने पहुंचे। वहीं ज्ञापन देने के बाद बजरंग दल के सदस्य राय मार्केट में रोष मार्च निकलने निकले और सभी दुकानदारों से नूंह में मारे गए हिंदुओं के लिए दुकानें बंद करने की अपील भी की। जिसके बाद दुकानदारों ने उनके आग्रह पर दुकानों को बंद भी कर दिया। वहीं जब बजरंग दल के सदस्य मार्केट में आगे बढ़ने लगे तो, पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोका और थोड़ी बहुत धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि बाद में बजरंग दल के सदस्य आगे बढ़ गए और अम्बाला पुलिस अंक पीछे-पीछे चलती रही। बजरंग दल के सदस्य नूंह के गुनहगारों को सख्त सजा दिलाने की मांग कर रहे है। इसी मामले को लेकर आज हिंदू संगठन अम्बाला कैंट के सदर बाजार चौंक पर शाम को इकट्ठे हुए। शाम करीब 6 बजे यहां चौंक पर हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा गया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने राय मार्केट स्थित वैष्णो देवी माता मंदिर तक रोष मार्च निकाला। इस दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। इस दौरान पुलिस भी तैनात रही। राय मार्केट स्थित वैष्णो देवी माता मंदिर में हिंदू संगठनों ने बैठक की। संगठनों की मांग है कि हिंसा में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाए। उनके परिवार के सदस्यों को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता व नौकरी दी जाए। हिंसा में घायल हुए लोगों को 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया जाए। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अजैब सिंह राणा ने इस मौके पर कहा कि नूंह में एक समुदाय के लोगों ने निंदनीय और हिंसक कार्य किया है, जो बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

कैंप में अपने स्वास्थ्य की जांच के बाद निशुल्क दवाइयां लेते हुए ग्रामीण।

171 ग्रामीणों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

अम्बाला, 2 अगस्त (अग्रवाल): अम्बाला में आई बाढ़ के बाद लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हरियाणा जनचेतना पार्टी के सुप्रीमो एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा एवं अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा की देखरेख में पं. केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के तहत लगाए जा रहे मैडीकल कैंपों के तहत गांव अमीपुर में मैडीकल कैंप लगाया गया। कैंप में 171 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य चैक करवाया व निशुल्क दवाइयां भी लीं। कैंप में मिशन अस्पताल से डॉ. सुनील सादिक के नेतृत्व में आई डाक्टरों की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य जांचा। गौरतलब है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा एवं अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा के नेतृत्व में पं. केदारनाथ शर्मा अस्पताल एवं चैरीटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लगातार मैडीकल कैंपों का आयोजन गांवों व शहर के वार्डों में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने उनके गांव में निशुल्क स्वास्थ्य चैकअप कैंप लगाए जाने पर ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ के बाद गांव में लोगों को बहुत सी बीमारियों को सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों को पेट दर्द, स्किन, व आंखों में इंफैक्शन की समस्याएं देखने को मिल रही थीं कैंप में ग्रामीणों ने मिशन अस्पताल से आए डाक्टरों को अपनी समस्याएं बताई।

हवन यज्ञ के साथ मारकंडा नेशनल कॉलेज का नया शैक्षणिक सत्र आरम्भ

शाहाबाद : हवन यज्ञ में आहुति डालकर नए शैक्षणिक सत्र को प्रारंभ करते प्रबंध समिति के सदस्य व अन्य।

शाहाबाद मारकंडा, 2 अगस्त (विजय कुमार): बुधवार को मारकंडा नेशनल कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र 2023-24 का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। आर्य समाज के प्रख्यात विद्वान आचार्य कुलभ छपरा के संचालक आचार्य वेदव्रत ने पूरे विधि-विधान के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया। कॉलेज के प्रबंध समिति के प्रधान यशपाल वधवा, उपप्रधान ओमप्रकाश गुलियानी, महासचिव प्रेमनाथ गंभीर, कोषाध्यक्ष संजीव कालड़ा व अन्य पदाधिकारियों के साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी सहित स्टाफ के सभी कर्मचारियों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर नए सत्र में कॉलेज की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रधान यशपाल वधवा ने इस अवसर पर कहा कि हवन से जहां एक ओर पर्यावरण की शुद्धि होती है वहीं दूसरी ओर वहां पर उपस्थित व्यक्तियों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को नए सत्र की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर लक्ष्य प्राप्ति की सीख दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि कॉलेज में नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है। सत्र के प्रारंभ होने पर शिक्षक वर्ग के साथ साथ विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह है। बाढ़ के बाद कॉलेज में जैसे हालात हो गये थे, उन हालातों से कॉलेज बहुत जल्दी पुन: अपने पैरों पर खड़ा होकर समय पर कक्षाएं प्रारम्भ कर रहा है, यह एक हम सभी के लिए सकारात्मक प्रयास है। आचार्य ने अपने आशीर्वाद भाषण में कहा कि किसी भी राष्ट्र व समाज की तरक्की में उसके शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम होती हैं। शिक्षक ही विद्यार्थियों का भावनात्मक विकास करते हैं जो कि बहुत जरूरी होता हैं। इस अवसर पर प्रो. मंजु गुप्ता, प्रो. सुरेंद्र काजल, डॉ. संजय कुमार, प्रो. कल्पना, डॉ. भूपेंद्र तंवर, डॉ. जवाहर लाल, डॉ. चुहड़ सिंह, डॉ. शालिनी शर्मा, प्रो. सुरेश कुमार, डॉ. देवराज शर्मा, प्रो. भाविनी, डॉ. दिव्या, डॉ. प्राची अरोड़ा, डॉ. अजय अरोड़ा, डॉ. अमित कुमार, प्रो. सिद्धांत, डॉ. संदीप श्योराण व गैर-शैक्षणिक सदस्य कृष्ण लाल, विनीत कुमार, राजेश कुमार, चरणजीत, अश्विनी, मनोज कुमार, नोद, मांगे राम भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक बढ़ाई

गोहाना, 2 अगस्त (रामनिवास धीमान): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक पवन शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री

इनेलो की परिवर्तन यात्रा को मिल रहा लोगों का भारी समर्थन

असंध, 2 अगस्त (हरीश मदान): इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की हरियाणा परिवर्तन पदयात्रा 4 अगस्त से 7 अगस्त तक असंध

POONAWALLA
HOUSING FINANCE
Apna Ghar, Apni Pehchan

पूनावाला हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड
(पहले मैगमा हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड से जाना जाता था)
रजिस्टर्ड कार्यालय : 602, 6वीं मंज़िल, जीरो वन आईटी पार्क, सीरियल नं. 79/1, घोरपडी, मुंढवा रोड, पुणे 411036
ब्रांच आफ यूनिट : एससीओ-243, सैक्टर-12, अर्बन एस्टेट पार्ट-1, करनाल-132001

ई-नीलामी
बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री नोटिस सरफेसी एक्ट अधीन सिक्योर्ड अचल एसैट्स की बिक्री

आम जनता एवं विशेष कर कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि सर्टीफिकेट आफ इनकार्पोरेशन द्वारा मैगमा हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड अब इसका बदला हुआ नाम पूनावाला हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड (पीएचएफएल) है, को निम्न दर्शाई गिरवी जायदादें, जिसका कब्ज़ा सरफेसी एक्ट की धारा 13(4)/14 अधीन पीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को लागू ब्याज, चार्जिस एवं लागतें इत्यादि सहित पीएचएफएल के बकायों की वसूली हेतु निम्न दर्शाई शर्तों के अनुसार ई-नीलामी द्वारा बेच दिया जाएगा। निम्न वर्णित जायदाद को सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज के रूल 8 व 9 अधीन 'जैसे है, यहां है, जो भी वहां है एवं बिना रिकोर्स आधार' पर बिक्री किया जाएगा। **बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया पीएचएफएल की/सिक्योर्ड क्रैडिटर की वैबसाइट अर्थात् www.poonawallahousing.com में मुहैया किए लिंक का संदर्भ लें।**

प्रस्ताव सं. ग्राहक का नाम {ए}	डिमांड नोटिस तिथि एवं बकाया राशि {बी}	कब्ज़े की प्रकृति {सी}	जायदाद का विवरण {डी}	आरक्षित कीमत {ई}	ईएमडी (आर पी का 10% (एफ)	ईएमडी पेश करने की तिथि (जी)	इंक्रीमैंटल बोली (एच)	जायदाद जांच की तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	जाने जाते झंझटों/अदालती मामले यदि कोई है (के)